!! राष्ट्रीय सेवा योजना !!

Tel. & Fax : 01564-220200
Web : www.mgcsrdr.com
Email : officekdgd@gmail.com

Smt. Kamla Devi Gauridutt Mittal Mahila Mahavidyalaya
Sardarshahar – 331403, Churu (Rajasthan)
Sponsored by Mittal Charities, Mumbai
Approved by NCTE & DCE, Raj. Affiliated To M.G.S. University, Bikaner & Recognized by UGC (2F & 12B

Date :- 30.03.2023

–:: प्रेस नोट ::–

श्रीमती कमलादेवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय की एनएसएस की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह गुरुवार को रानी सती मंदिर में आयोजित किया गया। समापन समारोह के प्रारंभ में एनएसएस प्रभारी श्री सुदर्शन गोयल ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान छात्राओं ने गोद ली गई बस्ती रामनगर बास में विविध समाजसेवी कार्य किए। उन्होंने साक्षरता, स्वच्छता, महिला स्वास्थ्य एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया एवं स्वमंसेविकाओं को सहयोग एवं समाज सेवा के कार्यो के लिए तत्पर रहने का संकल्प लिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मृत्युंजय कुमार पारीक ने स्वयं सेविकाओं को आह्वान किया कि शिविर के दौरान जो आपने ग्रहण किया है उसे जीवन में आत्मसात करें। महाविद्यालय के व्याख्याता श्री अशोक कुमार सैनी ने सहयोग एवं सहकार की भावना पर बल दिया शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। व्याख्याता डॉ मनीष राव अंबेडकर ने एनएसएस शिविर की उपयोगिता को समझाते हुए सहशैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी निभाने के लिए हमेशा तैयार रहने का आह्वान किया। एनएसएस प्रभारी श्री कमलकांत सुथार ने शिविर के सफल क्रियान्वयन करने में सहयोग करने के लिए सभी का आभार प्रदर्शित किया। समापन समारोह में महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ मंयक गुप्ता, श्री रवि कुमार शर्मा, श्री योगेश कुमावत, श्री जितेंद्र सैनी आदि समस्त व्याख्याता व स्वयंसेवीकाऐ उपस्थित रही।

संलग्न :– फोटो।

(डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक)
प्राचार्य

Principal
Smt. Kamla Devi Gauridutt Mittal
Mahila (PG) Mahavidyalaya
Sardarshahar

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय
राष्ट्रीय सेवा योजना
Time: 30–03–2023 11:28
Note: nns special sevan day camp 2023
Powered by NoteCam